वर्ष- 2 , अंक-349
छपरा
3 अक्टूबर नवंबर 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# भारत ने रचा इतिहास, जीत लिया विमेंस वनडे वर्ल्ड कप




## साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर चैंपियन बने; दीप्ति-शेफाली ने जिताया फाइनल

**मुंबई,एजेंसी।** भारत की लड़कियों ने आखिरकार 47 साल के लंबे इंतजार के बाद इतिहास रच ही दिया। इंडिया विमेंस ने रविवार को फाइनल में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। DY पाटील स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 87, दीप्ति शर्मा ने 58, स्मृति मंधाना ने 45 और ऋचा घोष ने 34 रन बनाए। साउथ अफ्रीका से आयाबोंगा खाका ने 3 विकेट लिए।

बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका टीम 246 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने लगातार दूसरा शतक लगाया, लेकिन टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गईं। भारत से पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर शेफाली वर्मा ने 2 विकेट लेकर मैच पलटा। वहीं दीप्ति शर्मा ने 5 विकेट लेकर टीम को जीत दिला दी।




### शेफाली वर्मा : इंजरी रिप्लेसमेंट बनकर आईं, प्लेयर ऑफ द फाइनल बनीं

ओपनर शेफाली वर्मा को खराब फॉर्म के कारण एक साल पहले ही वनडे टीम से ड्रॉप कर दिया गया था। उन्हें इस वर्ल्ड कप के स्क्वॉड में भी नहीं चुना गया था। 26 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में भारत की रेगुलर ओपनर प्रतिका रावल को चोट लग गई। शेफाली को इंजरी रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में शामिल किया गया। उसी शेफाली ने फाइनल मुकाबले में 87 रन की पारी खेली, फिर बॉलिंग में 2 अहम विकेट लिए और देश को पहली ट्रॉफी जिता दी।




# एक करोड़ रोजगार उपलब्ध कराना सिर्फ घोषणा नहीं, इसे साकार करने की ठोस योजना प्रस्तुत की गई है : प्रधानमंत्री

**पटना/आरा,एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है। सभी दलों के नेता जनता को लुभाने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी रविवार को बिहार में दो जनसभा और एक रोड शो कर रहे हैं। उन्होंने अपनी पहली जनसभा आरा में की और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संकल्प पत्र में किए गए वादों को हर हाल में पूरा करने का दावा किया। उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर निशाना भी साधा।

बिहार के आरा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राजग का संकल्प है कि बिहार के युवा बिहार में काम करें और बिहार का नाम रोशन करें। इसके लिए हमने आने वाले दिनों में एक करोड़ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का वादा किया है। यह सिर्फ एक घोषणा नहीं है, इसे साकार करने के लिए हमने एक ठोस योजना पेश की है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए वादों को राजग पूरा करती है और आगे भी पूरा करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि %विकसित बिहार, विकसित भारत% की नींव है। विकसित बिहार का उनका विज़न



औद्योगिक विकास और युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर पैदा करने पर केंद्रित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आपके (बिहारवासियों के) सपने ही हमारा संकल्प हैं। इस बार भी बिहार की जनता राजग को रिकॉर्ड मतों से चुनाव जिताएगी। उन्होंने आगे कहा कि जंगल राज के नेता सबसे करारी हार का रिकॉर्ड बनाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित बिहार के लिए राजग ने एक ईमानदार और दूरदर्शी घोषणापत्र पेश किया है। हमारी सभी योजनाएं और नीतियां बिहार के तेज विकास के लिए समर्पित हैं। एक तरफ राजग का ईमानदार घोषणापत्र है, वहीं दूसरी तरफ जंगल राज गठबंधन ने अपने घोषणापत्र को धोखे और झूठ का दस्तावेज बना दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं 'जंगल राज' वालों से कहना चाहता हूं कि ये भगवान जैसे लोग, बेवकूफ नहीं हैं। ये जनता है; ये सब जानती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रख कर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कराया। तेजस्वी पर सहमत नहीं थी कांग्रेस। घोषणा पत्र में भी कांग्रेस की नहीं सुनी गई। चुनाव के पहले ये हाल है, चुनाव के बाद सर फुटौव्वल करेंगे। सुशासन राजग ही दे सकता है, दे रहे हैं।

## शाह बोले- न तेजस्वी मुख्यमंत्री बनेंगे, न राहुल प्रधानमंत्री, दोनों जगह खाली नही

### राहुल ने कहा- 56 इंच की छाती वाला डरपोक हैं



**नई दिल्ली/पटना,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुजफ्फरपुर के बिशुनपुर सरैया में चुनावी सभा की। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा- आपका वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए होगा। ये लोग कपड़े और चेहरे बदलकर फिर जंगलराज लाएंगे। इन लोगों को वापस मत आने देना।

शाह ने कहा- लालू यादव और सोनिया गांधी को देश की कोई परवाह नहीं है। लालू अपने बेटे को मुख्यमंत्री और सोनिया अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। उनकी यह इच्छा पूरी होने वाली नहीं है क्योंकि जगह ही खाली नहीं है। यहां नीतीश कुमार सीएम हैं और दिल्ली में नरेंद्र मोदी पीएम हैं।

दूसरी तरफ, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बेगूसराय में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा- 56 इंच की छाती वाला डरपोक है। महात्मा गांधी की छाती बड़ी नहीं थी, लेकिन वो किसी से डरते नहीं थे। इंदिरा भी किसी से नहीं डरती थीं।

**राहुल बोले- मोदी सिर्फ ट्रंप नहीं अडाणी-अंबानी से भी डरते हैं :** राहुल ने कहा- मोदी डरपोक हैं। मोदी जी ट्रम्प से डरते हैं। 50 बार अमेरिकी राष्ट्रपति ने बोला है कि मैंने नरेंद्र मोदी को डराकर ऑपरेशन सिंदूर बंद कराया है। ट्रम्प अलग-अलग देशों में जाकर उनका अपमान कर रहा है। कहता है मैंने मोदी को झुका दिया, लेकिन पीएम के मुंह से एक आवाज नहीं निकली। कांग्रेस सांसद ने कहा- ऋमोदी से ज्यादा दम इंदिरा गांधी में था। उन्होंने अमेरिका को चुप करा दिया था।

# सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था से ही पूरे होंगे सुशासन के लक्ष्य : मुख्यमंत्री योगी

### विश्वविद्यालयों में ई-कोर्ट, साइबर लॉ और एआई आधारित प्रशिक्षण पर सरकार दे रही जोर



**लखनऊ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यहां से निकलने वाले छात्र समाज और राष्ट्र की न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिया जाने वाला दीक्षा मंत्र, सत्यं वद, धर्मं चर (सत्य बोलो, धर्म का आचरण करो) भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा की नींव है। यही भावना हमारे संविधान, संसद और न्यायपालिका के बोधवाक्य धर्मो रक्षति रक्षितः और यतो धर्मस्य ततो जयः में भी प्रतिबिंबित होती है।

सीएम योगी ने कहा कि न्याय व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना उतना ही सरल होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्राचीन काल का रामराज्य भेदभाव रहित और न्यायसंगत शासन का प्रतीक था, जिसे आज की आधुनिक व्यवस्था में सुशासन के रूप में प्राप्त किया जा सकता है।

# बाहुबली रॉकेट भारतीय जमीन से सबसे भारी सैटेलाइट लेकर गया



**श्रीहरिकोटा,एजेंसी।** इसरो ने 2 नवंबर को शाम 5:26 बजे बाहुबली रॉकेट से 4400 किलो का सैटेलाइट लॉन्च किया। ये भारतीय जमीन से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (GTO) तक लॉन्च होने वाला सबसे भारी सैटेलाइट है। ये नौसेना की कम्युनिकेशन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।GTO (29,970 km & 170km) एक अंडाकार ऑर्बिट है। रॉकेट ने इस ऑर्बिट में सैटेलाइट छोड़ दिया है। अब कल सैटेलाइट इंजन फायर होगा और ये ऑर्बिट को सर्कुलर कर लेगा। इसे जियोस्टेशनरी ऑर्बिट (GEO) कहते हैं। इसमें सैटेलाइट 24 घंटे कवरेज दे सकता है।इससे पहले ISRO ने चंद्रयान-3 मिशन में 3900 KG पेलोड GTO में भेजा था। GTO में भेजा गया दुनिया का सबसे भारी सैटेलाइट इकोस्टार 24 (जुपिटर 3) है। इसका वजन लॉन्च के समय करीब 9,000 किलो था। इसे स्पेसएक्स के फाल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया था।

### कारगिल जंग से सबक लेकर इसरो ने बनाया अपना सैटेलाइट नेटवर्क, नेवी की ताकत बढ़ेगी

#### मिशन से जुड़ी 5 बड़ी बातें

- LVMx लॉन्च व्हीकल की ये पांचवीं ऑपरेशनल फ्लाइट (LVMx-Mz) है। व्हीकल ज्यादा वजन ले जा सके इसके लिए इसमें स्ट्रक्चरल चेंजेस किए गए हैं। इसके अलावा थ्रस्ट बढ़ाने के लिए इंजन में भी कुछ बदलाव हुए हैं। स्ट्रक्चरल चेंजेस से इसे थोड़ा हल्का किया गया है।
- CMS-03 एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो हिंद महासागर के बड़े इलाके सहित पूरे भारतीय इलाके को सर्विस देगा। ये भारत को कंटीन्यूअस कवरेज देगी। ये एक त्रस्त्र-7क्रसैटेलाइट है जिसका कोडवर्ड CMS-03 है। ये श्रीहरिकोटा स्पेसपोर्ट से लॉन्च होगा।
- ये पुराने हो चुके GSAT-7 (रुक्मिणी) सैटेलाइट की जगह लेगा, जो फिलहाल नौसेना के कम्युनिकेशन्स का मुख्य आधार है। रुक्मिणी ने युद्धपोतों, पनडुब्बियों, विमानों और किनारे पर बने कमांड सेंटर्स के बीच सुरक्षित रीयल-टाइम कनेक्शन मुमकिन किए हैं।
- CMS-03त सैटेलाइट भारत की नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर क्षमताओं को कई गुना मजबूत कर देगा। ये नौसेना के ऑपरेशन्स, एयर डिफेंस और स्ट्रैटेजिक कमांड कंट्रोल के लिए रीयल-टाइम कम्युनिकेशन मुहैया कराएगा, वो भी विशाल समुद्री और जमीन वाले इलाकों में।
- जियोस्टेशनरी ऑर्बिट (GEO) यानी धरती से 36,000 किलोमीटर ऊपर की गोल कक्षा। इस ऑर्पबिट में सैटेलकाइट पृथ्वी को लगातार देख सकता है। ये 24 घंटे कवरेज के लिए जरूरी है। इसी वजह से कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को हमेशा GEO में ही रखना पड़ता है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण अर्थव्यवस्था हो रही सशक्त

**जयपुर,एजेंसी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा की डेयरी क्षेत्र को दी गई विशेष प्राथमिकताओं एवं प्रोत्साहनकारी नीतियों का परिणाम है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन एवं पशु आहार का वार्षिक टर्नओवर 8 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 10 हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष तक पहुँच गया है।दुग्ध उत्पादन एवं प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि राज्य के डेयरी सेक्टर को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस उल्लेखनीय प्रगति के फलस्वरूप डेयरी क्षेत्र में वार्षिक मुनाफे में 46 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह बढ़ोतरी पिछले 47 वर्षों के इतिहास में सर्वाधिक है। इसके साथ ही, राज्य की 24 दुग्ध संघों में से पहले घाटे में चल रहे 15 संघ अब लाभ की स्थिति में आ चुके हैं। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और दुग्ध उत्पादक किसानों के विश्वास और योगदान का परिणाम है।राज्य की डेयरी प्रसंस्करण क्षमता भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। पिछले वर्ष 48 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता को बढ़ाकर अब 52 लाख लीटर प्रतिदिन कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष के अंत तक इसे 65 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुँचाने का लक्ष्य है। यह विस्तार राज्य में दुग्ध उत्पादन, संग्रहण एवं वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करेगा।



डेयरी सहकारिता को मज़बूत करते हुए पिछले एक वर्ष में 1,000 नई डेयरी सहकारी समितियों का गठन किया गया है, 2,000 संकलन केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा 1 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी नेटवर्क से जोड़ा गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं तथा दूध उत्पादक किसानों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्रामीण किसानों के घरों पर 10 हजार फ्लोटैक्सी बायो-गैस प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं, जिसमें से लगभग 2 हजार 500 फ्लोटैक्सी बायो-गैस प्लांट लगाए जा चुके हैं। इससे न केवल स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होगी, बल्कि पशुपालकों की लागत में भी कमी आएगी।मुख्यमंत्री शर्मा की मंशा के अनुरूप डेयरी क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी विकास, किसान हितैषी योजनाओं एवं सहकारिता की भावना के साथ राजस्थान को दुग्ध उत्पादन के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है।

# डिजिटल युग में पुस्तकालय ज्ञान के भरोसेमंद मार्गदर्शक : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली,एजेंसी।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तकालय केवल किताबों का भंडार नहीं, बल्कि वे ज्ञान, चिंतन और सशक्तिकरण के मंदिर हैं।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने शनिवार को केरल में संगठित पुस्तकालय आंदोलन के 80 वर्ष पूरे होने पर त्रिवेंद्रम के कनकक्कुन्नू पैलेस में पीएन पनिक्कर फाउंडेशन की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन लाइब्रेरीज एम्पावरिंग कम्युनिटीज-ग्लोबल पर्सपेक्टिव्स% को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि इस फाउंडेशन ने पढ़ने की संस्कृति, डिजिटल साक्षरता और ज्ञान के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। फाउंडेशन का नारा ÷वायिचु वलरुका (पढ़ो और आगे बढ़ो) आज भी समाज को ज्ञान और समावेशन की दिशा में प्रेरित करता है।

# मैं शीर्ष कोर्ट का आदेश नहीं मानता..., यह कहने वाले यूपी के थानेदार को सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।**मैं सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं मानता...., कहकर अदालती आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाने वाले उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। यह अधिकारी प्रतापगढ़ के कंधई पुलिस स्टेशन का एसएचओ गुलाब सिंह सोनकर है। किसी भी तरह की जबरन कार्रवाई नहीं करने के स्पष्ट न्यायिक निर्देश के बावजूद एसएचओ ने याचिकाकर्ता को गिरफ्तार कर उसके साथ कथित तौर पर मारपीट की।

कोर्ट के आदेश का पालन करने से इन्कार करते हुए एसएचओ ने कहा, मैं किसी सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं मानूंगा। मैं आज तुम्हारा सारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट निकाल दूंगा। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें शिकायत की गई कि 28 मार्च, 2025 के संरक्षण आदेश के बावजूद याचिकाकर्ता को 23 अप्रैल, 2025 को अवमाननाकर्ता (एसएचओ) गुलाब सिंह सोनकर की ओर से उनके कार्यस्थल से घसीटा गया और गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन पर शारीरिक हमला किया गया। यह भी आरोप लगाया गया कि जब याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की



प्रति दिखाई, तब भी एसएचओ ने स्थानीय भाषा में उनके साथ गलत व्यवहार किया। एसएचओ ने न्यायालय के आदेश का अनादर किया और उसका पालन करने से इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पहले उत्तर प्रदेश के गृह विभाग को एडीजीपी या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी के माध्यम से मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। यह देखते हुए कि सरकार की जांच रिपोर्ट ने भी न्यायालय के आदेश की जानबूझकर अवज्ञा की पुष्टि की है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अवमाननाकर्ता-एसएचओ को पुलिस वर्दी की आड़ में न्याय की धारा को प्रदूषित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

**सरकार ने कहा- तत्काल कार्रवाई की जाएगी**

पीठ ने कहा, प्रथम दृष्ट्या एसएचओ ने न्यायालय के आदेश की जानबूझकर अवज्ञा की है। ऐसे में उसके साथ सख्ती से निपटा जाना जरूरी है। पीठ एसएचओ के विरुद्ध कठोर आदेश पारित करने को इच्छुक थी लेकिन सरकार के वकील ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आलोक में अवमाननाकर्ता के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। वकील ने न्यायालय को घटनाक्रम से अवगत कराने के लिए समय मांगा।

नारायणी नदी किनारे गूंजा लोकतंत्र का संदेश

# सोनपुर में 'मतदान महोत्सव' जैसा दृश्य, जनसैलाब ने बढ़ाया लोकतंत्र का मान



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रविवार की शाम सोनपुर का नमामि गंगे घाट पर लोकतंत्र की एक नई कहानी कहता दिखा। नारायणी तट पर जब सैकड़ों लोग हाथ उठाकर मतदान की शपथ ले रहे थे, तब दृश्य किसी महापर्व से कम नहीं था। ढलती शाम की सुनहरी रोशनी में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता का यह आयोजन मतदान महोत्सव में बदल गया। निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित इस विशेष अभियान में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और अधिकारियों की भारी मौजूदगी ने इसे जनआंदोलन का रूप दे दिया। सोनपुर के नमामि गंगे घाट पर हुए कार्यक्रम का संचालन शालीन और प्रेरणादायक माहौल में हुआ, जिसमें हर चेहरा मतदान के प्रति प्रतिबद्धता झलकाता नजर आया।

**जनरल ऑब्जर्वर ने दिलाई लोकतंत्र की शपथ** -कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर बटलांग एस. सोहलिया ने उपस्थित जनसमूह को लोकतांत्रिक शपथ दिलाई। उनके नेतृत्व में लोगों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प दोहराया कि वे धर्म, जाति या किसी भी प्रलोभन से ऊपर उठकर निष्पक्ष मतदान करेंगे।

**घाट पर एक स्वर में गूंजा शपथ का मंत्र**-हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुएज अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**रंगोली और रैली से सजी लोकतंत्र की तस्वीर** - शपथ ग्रहण के बाद रंगोलियों ने घाट को उत्सव का रूप दे दिया। आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने हर वोट कीमती है, मतदान से ही बदलता है देश जैसे संदेशों से सजावट की। इसके बाद निकली रैली में सैकड़ों महिलाएँ, बच्चे और युवा शामिल हुए। पहले मतदान, फिर जलपान और वोट है ताकत, इसे मत गँवाओ जैसे नारे नारायणी की लहरों के साथ दूर तक गूंज उठे। रैली का कारवां पुल घाट, कालीघाट होते हुए डीआरएम कार्यालय तक पहुंचा।

**महिलाओं और युवाओं ने संभाली नेतृत्व की बागडोर** - इस अभियान में महिलाओं की भागीदारी विशेष रही। कई महिलाओं ने बताया कि वे इस बार न सिर्फ खुद मतदान करेंगी, बल्कि आसपास के लोगों को भी प्रेरित करेंगी। युवाओं में भी जोश देखने लायक था, कई समूहों ने पोस्टर, बैनर और गीतों के माध्यम से लोकतंत्र के महत्व का संदेश दिया। सोनपुर एसडीओ स्निग्धा नेहा सीडीपीओ श्वेता कुमारी ने कहा- मतदान सिर्फ अधिकार नहीं, यह जिम्मेदारी है। हर वोट देश के भविष्य की दिशा तय करता है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्वेता कुमारी और पर्यवेक्षिकाएँ आर्या सिंह, सरिता कुमारी, प्रतिभा कुमारी सहित बड़ी संख्या में सेविकाएं, सहायिकाएं और अधिकारी मौजूद रहे।

**लोकतंत्र की अलख को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प** -कार्यक्रम के अंत में प्रस्तुत मतदाता जागरूकता संकल्प गीत ने सभी को भावविभोर कर दिया। नारायणी की ठंडी हवाओं के बीच जब गीत की पंक्तियाँ– हर वोट है उम्मीद की किरण, चलो निभाएँ लोकतंत्र का वचन गूंजीं, तो पूरा माहौल राष्ट्रभाव से सराबोर हो उठा। ऑब्जर्वर बटलांग एस. सोहलिया ने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति जागरूकता की एक निरंतर यात्रा है। आने वाले दिनों में ऐसे प्रयास गांव-गांव तक किए जाएंगे ताकि हर वोट गिरे, हर मतदाता जागे। सोनपुर में लोकतंत्र का उत्सव जारी है, जहां नारायणी के किनारे अब सिर्फ जल नहीं, बल्कि जागरूकता की लहर भी बह रही है।

# मतदाता जागरूकता क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन की टीम बनी विजेता

## जिलाधिकारी और चुनाव प्रेक्षक ने किया बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार विधानसभा निर्वाचन में मतदाताओं की सहभागिता को लेकर स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम में मतदाता जागरूकता फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन बनाम बैंकर्स 11 के बीच आयोजित इस क्रिकेट मैच का उद्घाटन जिलाधिकारी अमन समीर ने की किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित इस क्रिकेट मैच के प्रारंभ में जिलाधिकारी अमन समीर के साथ विधानसभा चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव प्रेक्षक ने भी क्रिकेट में अपने खेल कला का प्रदर्शन किया। क्रिकेट के मैदान पर चुनाव प्रेक्षक की बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन देख उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहना की। जागरूकता क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर जिला प्रशासन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 87 रन बनाएं। जिसमें बेहतर बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन करते हुए अनुज ने 42 रन, संजय ने 10 रन और सत्यम ने 8 रन का योगदान दिया। वहीं इसके जवाब में उतरी बैंकर्स 11 की टीम ने 10 ओवर में चार विकेट खोकर 54 रन ही बना पाई। जिसके कारण जिला प्रशासन की टीम 34 रनों से विजेता बन गई। विजेता टीम को नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग पूजा कुमारी ने ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनुज को प्रदान किया गया, बेस्ट बॉलर का खिताब बैंकर 11 के उदय कुमार को दिया गया। अंपायर की भूमिका कैंसर अनवर ने अदा की।

# चुनाव प्रेक्षक के साथ एसडीएम-डीएसपी ने निकाली जागरुकता रैली



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रेक्षक के साथ निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ निधि राज व डीएसपी नरेश पासवान ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली में अधिकारियों के साथ स्थनीय पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान भी मौजूद थे। मतदाता जारुकता रैली से अधिकारियों ने सभी से मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। वही रैली में मौजूद पुलिस बल ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान का भरोसा दिलाया। एसडीओ ने बताया कि वोट से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। वोट प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। एक मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए सभी का मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की जरूरत है। एसडीएम ने बताया कि मतदान को लेकर प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद है और शांतिपूर्ण मतदान और स्वच्छ मतदान के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए है।

# निगम के सफ़ाई कर्मी जगाएंगे मतदाताओं के बीच मतदान का अलख

## सफाई कर्मियों ने लिया मतदान करने का संकल्प

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक जाने और मतदान करने का अलख छपरा नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा जगाया जायेग। इसको लेकर रविवार को स्वीप कोषांग द्वारा छपरा नगर निगम के सफाई कर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है ।इसी क्रम में रविवार को नगर निगम के सफाई कर्मियों को स्वयं मतदान करने का शपथ दिलाया गया, साथ ही साथ उन्हें अपने-अपने निर्धारित वार्ड में सफाई कार्य करने के साथ घूम-घूम कर मतदाताओं को आगामी 6 नवंबर के दिन अपने मतदान केंद्र पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान करने का संकल्प लिया। इस संबंध में नोडल पदाधिकारी पूजा कुमारी ने बताया कि छपरा नगर निगम के परिक्षेत्र में 45 वार्ड है जिसमें सैकड़ो सफाई कर्मी प्रतिदिन सफाई करने का कार्य करते हैं। उनके द्वारा मतदाताओं के बीच घर-घर पहुंचकर आगामी 6 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान सफाई कर्मियों द्वारा किया जाएगा।

# दरियापुर में मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर से शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) दीनबंधु दिवाकर एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) अंजू सिंह ने संयुक्त रूप से की।इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता रैली में भाग लिया। रैली प्रखंड कार्यालय परिसर से शुरू होकर दरियापुर बाजार तक निकाली गई। बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए। ÷पहले मतदान, फिर जलपान÷ और ÷हर वोट है कीमती, इसे करें जरूर दीमती÷, जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ दीनबंधु दिवाकर ने कहा कि ÷मतदान लोकतंत्र का महापर्व है, इसमें हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।÷ वहीं सीडीपीओ अंजू सिंह ने कहा कि ÷जब प्रत्येक मतदाता मतदान करेगा, तभी लोकतंत्र की यह महापर्व सच्चे अर्थों में सफल होगा।÷इस मौके पर पर्यवेक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं तथा कई स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डीएम ने चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बाजार समिति, छपरा का स्थलीय निरीक्षण किया



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा रविवार, 02 नवंबर 25 को जिला स्तरीय पदाधिकारियों, नगर आयुक्त, छपरा एवम् भवन प्रमंडल/पुल निर्माण निगम के अभियंताओं के साथ बिहार विधानसभा आम चुनाव, 2025 के परिप्रेक्ष्य में बाजार समिति, छपरा का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा उक्त परिसर से पूर्ण रूप से जल जमाव को हटाने, सभी प्रकार के मलबे तथा कचरे को हटाने तथा सभी स्थलों का समतलीकरण करने हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंताओं तथा नगर निगम को आवश्यक निदेश देते हुए उक्त सभी कार्य कल तक निश्चित रूप से संपन्न करने का निदेश दिया गया।

साथ ही जयप्रकाश विश्वविद्यालय परिसर में चयनित छपरा विधानसभा, गड़खा विधानसभा, बनियापुर विधानसभा तथा एकमा विधानसभा कुल चार विधानसभा हेतु निर्मित डिस्पैच केंद्रों पर चल रही अंतिम तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कल तक सभी संबंधित स्थलों से पूर्ण रूप से जल जमाव हटाने तथा सभी संबंधित स्थलों को समतलीकरण करने का निदेश दिया गया।

# मशरक में पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने निकाला फ्लैग मार्च

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस चौकसी बरत रही है। इसी को लेकर दारोगा कुमकुम कुमारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान जवानों ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील की और यह संदेश दिया कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अवांछनीय गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस बल ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# एकमा में रंगोली बनाकर, दीपक जलाकर व कैंडल मार्च से मतदान हेतु फैलाई जागरूकता

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** विधानसभा चुनाव को लेकर एकमा प्रखंड में मतदाता जागरूकता गतिविधियां तेज हो गई हैं। रविवार की शाम प्रखंड मुख्यालय परिसर में रंगोली सजाकर व दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद प्रखंड मुख्यालय से एकमा बजार तक कैंडल मार्च निकालकर मतदाताओं को सपरिवार मतदान के लिए प्रेरित किया गया। ÷लोकतंत्र का करें सम्मान, परिवार सहित करें मतदान÷ के संदेश के साथ यह कैंडल मार्च प्रखंड मुख्यालय से एकमा बाजार तक निकाला गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बीडीओ डॉ अरुण कुमार व आंगनबाड़ी परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) मनीषा रानी ने किया। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने कैंडल जलाते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त रहेगा जब हर नागरिक मतदान करेगा। बीडीओ डॉ अरुण कुमार ने कहा कि एक-एक वोट लोकतंत्र की नींव मजबूत करता है। उन्होंने मतदाताओं से निडर होकर मतदान केंद्र पहुँचकर वोट देने की अपील की। सीडीपीओ मनीषा रानी ने कहा कि मतदान न सिर्फ अधिकार है, बल्कि यह नागरिक कर्तव्य भी है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रही हैं।

मार्च के दौरान ÷पहले मतदान, फिर जलपान÷ और ÷मतदान हमारा अधिकार है÷ जैसे नारे लगाए गए। स्थानीय लोगों व युवाओं ने इस पहल की सराहना की और इसे लोकतांत्रिक जागरूकता का महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं ने निकाला मशाल जुलूस



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रविवार की शाम तरैया परियोजना की आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सीडीपीओ सुधा कुमारी के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकालकर लोगों को आगामी 06 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। मशाल जुलूस परियोजना कार्यालय तरैया से निकलकर तरैया बाजार तक पहुंचा। सेविकाएं ÷बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता÷, ÷लोकतंत्र की है पहचान– मत, मतदाता और मतदान÷ तथा ÷जागरूक देश की है पहचान, हो शत-प्रतिशत मतदान÷ जैसे नारे लगाते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रही थीं। इस दौरान सेविकाओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का संकल्प दोहराया और सभी मतदाताओं से मतदान के दिन बूथ पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की। मौके पर सीडीपीओ सुधा कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका माला कुमारी, शीला कुमारी, अर्चना कुमारी समेत तरैया परियोजना की सैकड़ो आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थीं। जुलूस के माध्यम से क्षेत्र में मतदाता जागरूकता का सशक्त संदेश गया।

# पहले चरण के चुनाव से पूर्व गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हुआ मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना एवं स्वीप कोषांग, सारण द्वारा जिले के मांझी, एकमा एवं बनियापुर बिधानसभा में गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गुरुवार से पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान के तीसरे दिन शनिवार को केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना में पंजीकृत सांस्कृतिक दल ÷द स्ट्रगलर, पटना÷ के कलाकारों ने 115 बनियापुर विधानसभा क्षेत्र के बंगाली पट्टी में, सांस्कृतिक दल ÷सम्राट मैजिक, पटना÷ के कलाकारों ने 113 एकमा बिधानसभा क्षेत्र के हंसराजपुर में तथा सांस्कृतिक दल ÷नव सर्वोदय समाज कल्याण संस्थान, सारण÷के कलाकारों ने 114 मांझी बिधानसभा क्षेत्र के घोरघाट में मनमोहक गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक एवं जादू का प्रदर्शन प्रस्तुत कर भारी संख्या में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने अपने गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक एवं जादू कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित स्थानीय लोगों को खासकर के युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजन एवं पहली बार मतदान करने वालों को मतदान के महत्व को समझाते हुए आगामी 6 नवम्बर को अपने- अपने मतदान केंद्र पर पहुँच कर अत्यधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जरूर से जरूर मतदान करने की अपील की गई। साथ ही कलाकारों द्वारा जानकारी दी कि अगर किसी मतदाता का मतदाता सूची में नाम है लेकिन मतदाता पहचान पत्र नहीं है ऐसे व्यक्ति भी मतदान केंद्र पर फोटोयुक्त पहचान पत्रों जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र इत्यादि लेकर मतदान केंद्र पर जाकर मतदान दे सकते हैं। साथ ही, उन्होंने जनता के प्रश्नों जैसे ÷हम मतदान क्यों करें?, हमारे एक वोट देने से क्या होगा ?÷ आदि सवालों का विस्तार से उत्तर दिया एवं बताया कि हमारा एक मत हमारी आने वाली पाँच वर्ष की जीवन बदल सकती है।

इस मौक़े पर सांस्कृतिक दल के टीम लीडर के अलावा काफ़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।



# भेल्दी के युवक की पटना में सड़क दुर्घटना में मौत, मची चीख-पुकार



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के कटसा गांव के राजीव कुमार उर्फ मिंटू सिंह (38) की पटना में शनिवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जाता है कि राजीव कुमार कुंभरार रोड स्थित यादव टिंबर के पास किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब साढ़े नौ बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को खबर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया। रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद जब राजीव कुमार का शव उनके पैतृक गांव कटसा पहुंचा, तो पूरे इलाके में मातम छा गया। घर पहुंचते ही पत्नी सुमन देवी, पुत्र आदित्य कुमार सिंह, पुत्री साक्षी कुमारी और लाडली कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मां मुन्नी कुमारी अपने बेटे के निधन की खबर सुनकर बार-बार बेहोश हो जा रही थीं।गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सैकड़ों लोग अंतिम दर्शन के लिए राजीव के घर उमड़ पड़े। ग्रामीणों ने बताया कि राजीव मिलनसार, सरल और मददगार व्यक्ति थे। उनकी असामयिक मृत्यु से गांव में हर कोई स्तब्ध है।

घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया राकेश गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनो को ढांढस बंधाया साथ ही आर्थिक सहयोग करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। जाता है कि राजीव कुमार कुंभरार रोड स्थित यादव टिंबर के पास किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब साढ़े नौ बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को खबर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया। रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद जब राजीव कुमार का शव उनके पैतृक गांव कटसा पहुंचा, तो पूरे इलाके में मातम छा गया। घर पहुंचते ही पत्नी सुमन देवी, पुत्र आदित्य कुमार सिंह, पुत्री साक्षी कुमारी और लाडली कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मां मुन्नी कुमारी अपने बेटे के निधन की खबर सुनकर बार-बार बेहोश हो जा रही थीं।गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सैकड़ों लोग अंतिम दर्शन के लिए राजीव के घर उमड़ पड़े। ग्रामीणों ने बताया कि राजीव मिलनसार, सरल और मददगार व्यक्ति थे। उनकी असामयिक मृत्यु से गांव में हर कोई स्तब्ध है।

घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया राकेश गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनो को ढांढस बंधाया साथ ही आर्थिक सहयोग करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## मढ़ौरा में बाइक की ठोकर से युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** नगर क्षेत्र के अनुमंडल कार्यालय के सामने मुख्य सड़क पर एक अनियंत्रित बाइक चालक ने पैदल सड़क पार कर रहे युवक को ठोकर मार दी। ठोकर से स्थानीय अखबार के हॉकर राम विनोद सिंह का 30 वर्षीय पुत्र कल्लू कुमार बुरी तरह से जख्मी हो गया। इस दौरान बाइक चालक और बाइक पर सवार एक महिला भी गिर कर जख्मी हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जख्मी को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार उपरांत बुरी तरह से जख्मी हॉकर पुत्र कल्लू कुमार को छपरा रेफर कर दिया। अनुमंडल अस्पताल से छपरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान जख्मी की मौत हो गई। बाइक चालक जख्मी नौतन निवासी रामांकात सिंह का पुत्र अरविन्द सिंह और उनकी पत्नी मीरा देवी की हालत समान्य बताई गई है। हॉकर राम विनोद सिंह के युवा पुत्र की मौत की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों के रोने से पूरा माहौल गमगीन हो गया।

## जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने मढ़ौरा में किया रोड शो



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** चुनाव प्रचार में जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह शुक्रवार को मढ़ौरा पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मढ़ौरा के मुख्य बाजार सहित अन्य स्थानों पर रोड- शो कर लोगों से जनसुराज के प्रत्याशी नवीन कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। रविवार को अम्बेदकर पार्क में बाबा साहब को माल्यार्पण कर पूर्व सांसद उदय सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार बदलाव की दौर से गुजर रहा है। इस बदलाव का सूत्रधार जनसुराज बन रहा है। आज बिहार के बच्चों की शिक्षा, यहां की पलायन की समस्या, रोजी रोजगार को लेकर जनसुराज ने अपनी स्पष्ट सोच दिखाई है। लोगों को जनसुराज के नेता प्रशांत किशोर पर भरोसा है। इस भरोसा से लोगों को समर्थन जनसुराज को मिल रहा है। कहा कि मढ़ौरा विधानसभा में मतदाता जिस तरह से जनसुराज के पक्ष में समर्थन और स्नेह देते दिख रहे है उससे यहां से जनसुराज के अभ्यर्थी अभय सिंह का जीतना तय है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों से ईवीएम क्रम संख्या- 2 पर स्कूल के बस्ता छाप पर वोट करने की अपील की। इस दौरान अभ्यर्थी नवीन कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह, जिला प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, पूर्व मुखिया सुरेश सिंह, जयराम राय सहित सैकड़ों जनसुराजी उपस्थित थे।

## मशरक में ट्रैक्टर की टक्कर से दो सदर अस्पताल छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के जजौली गांव में अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों को इलाज के लिए जजौली मुखिया प्रतिनिधि वरुण यादव के द्वारा सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल नवादा गांव निवासी आयुष कुमार पिता कन्हैया ठाकुर और प्रिंस कुमार पिता श्यामदेव मांझी हैं। दोनों की गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल दोनों बाइक पर सवार होकर घायल प्रिंस के बहन के यहां जजौली जा रहें थे। तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी।

## पचरौड़ में राजद प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह को समर्थकों ने लड्डू से तौला



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के पचड़ौर बाजार पर रविवार को तरैया विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्पित राजद प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह को कुशवाहा समाज लोगों एवं समर्थकों के द्वारा लड्डू से तौला गया। कार्यक्रम का आयोजन पचड़ौड़ पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि श्रीकांत निराला की अध्यक्षता में किया गया था। इस दौरान अपने समर्थकों का अभिवादन कर सम्बोधित करते हुए राजद प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मैं तरैया में समाज के सभी वर्गों को एक साथ लेकर चलूंगा और हमेशा तरैया के मान-सम्मान की रक्षा करते हुए, आपलोगों के विश्वास पर खड़ा उतरूंगा। मैं हमेशा क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए तात्पर रहता हूँ और आगें भी रहूंगा। मौके पर राजद अध्यक्ष अलाउद्दीन कादरी, बीडीसी प्रतिनिधि श्रीकांत कुमार निराला, पूर्व बीडीसी मो0 साबिर, टेनी खान, डॉ. त्रिलोकीनाथ सिंह, सुरेश सिंह कुशवाहा, हरेन्द्र सिंह कुशवाहा, सत्यनारायण सिंह, पारस सिंह कुशवाहा, राजनारायण सिंह, जगनारायण सिंह, असर्फी सिंह, भूषण सिंह, श्रीभगवान सिंह, रंजन कुमार सिंह, उपेन्द्र कुशवाहा, मंजीत कुमार, नंदन कुमार सागर, सूरज सोनी, सहित अन्य मौजूद थे।

## मढ़ौरा विधान सभा क्षेत्र में महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में भाकपा शाखाओं का किया भ्रमण



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा((सारण) ।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी द्वारा रविवार को मढ़ौरा प्रखंड के सभी पार्टी शाखाओं में जनसंपर्क कर राजद प्रत्याशी जितेंद्र राय के पक्ष में लग जाने के घोषणा की गई । इस क्रम में पार्टी की उजड़ी सेंदुआरी शाखा , मुबारकपुर शाखा , दयालपुर, बहुआरापट्टी आदि शाखाओं का भ्रमण किया गया । भ्रमण टीम में जिला सचिव रामबाबू सिंह, प्रो भूपेश भीम, प्रो रजाक हुसैन, अंचल सचिव संजय कुमार सिंह , किसान नेता भरत राय, संजय कुमार आदि शामिल रहे ।

भाकपा जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि मढ़ौरा के राजद प्रत्याशी जितेंद्र राय के पक्ष में व्यापक जन उभार है । इस जन उभार को देखते हुए इनकी जीत सुनिश्चित है। अतः सभी साथी तन मन से लग जाएं और आस पड़ोस के लोगों को कनविंस कर एक एक वोट राजद के लालटेन छाप क्रमांक एक पर दिलाने का काम करें ।

## निर्वाचन आयोग के प्रचार वाहन को चुनाव प्रेक्षक और जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार विधान सभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने से उद्देश्य निर्वाचन आयोग के एलसीडी प्रचार वाहन को चुनाव प्रेक्षक और जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रविवार को स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम से एलसीडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाने के पश्चात जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि सारण जिले के दसों विधानसभा क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केदो पर इस प्रचार वाहन द्वारा प्रचार प्रसार किया जाएगा। जिससे कि आगामी 6 नवंबर को मतदान दिवस के दिन ज्यादा से ज्यादा निर्वाचक अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

वही उप विकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा दो प्रचार वाहन के द्वारा सारण जिला के 10 विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। दोनों वाहन आगामी 4 नवंबर तक अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के प्रखंडों के मतदान केंद्र पर जाकर व्यापक रूप से मतदाताओं को जागरूक करेंगे। जिससे कि सारण में मतदान के प्रतिशत में और वृद्धि हो सके। वही स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी पूजा कुमारी ने बताया कि दस विधानसभा क्षेत्र के लो वीटीआर वाले मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया गया है। बिहार विधानसभा 2025 में मतदान के प्रतिशत में व्यापक वृद्धि होगी। प्रचार वाहन सभी मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे। इसके साथ ही साथ मुख्य बाजार क्षेत्र में भी प्रचार प्रसार कर आगामी 6 नवंबर को मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जाएगा।

इस मौके पर विधानसभा चुनाव के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव प्रेक्षक के साथ-साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सहित दर्जनों वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## सांसद मनोज तिवारी 'मृदुल' ने बनियापुर में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में किया जनसभा



**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)।** सांसद मनोज तिवारी 'मृदुल' ने रविवार को बनियापुर के खेल मैदान में एनडीए प्रत्याशी केदारनाथ सिंह के समर्थन में जनसभा किया। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में एनडीए के पक्ष में लहर चल रही है। उन्होंने केदारनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करने की मतदाताओं से अपील की। मनोज तिवारी ने भोजपुरिया अंदाज में कहा कि एक तरफ जहां पीएम नरेंद्र मोदी छठ महापुराण में शामिल होने के लिए बिहार में आने के लिए लालायित थे। वहीं विपक्ष में बैठे राहुल गांधी इस महापर्व को ड्रामा बता रहे हैं ।ऐसे लोगों को बिहार कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने समर्थकों से पूछा की क्या आप सनातन को बचाना चाहते हैं। समर्थकों ने जोरदार हामी भरी गिर तिवारी ने कहा कि अब सबको जागने की जरूरत है। बीच बीच में तिवारी ने भोजपुरी गीत गाकर समर्थकों और दर्शकों की तालियां बटोरी। जिया हो छपरा की लाला गाते ही समर्थक झूमने लगे। उन्होंने कहा कि हमारी जीत होते ही क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। वहीं युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। युवाओं के रोजगार के लिए हम संकल्पित हैं। डबल इंजन की सरकार युवाओं के विकास के लिए प्रत्यनशील है। उन्होंने छह नवम्बर को मतदान केंद्र पर पहुंच अपना मतदान करने की अपील की। वहीं विपक्ष पर निशाना साधते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि महागठबंधन के तेजस्वी आज भी साहाबुद्दीन जिंदाबाद का नारा लगा रहे हैं। हमे बिहार जिंदाबाद का नारा लगाने हैं। मौके पर स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, मंत्री जनक राम, एमएलसी सच्चितानन्द राय सहित काफी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## डेरनी गायत्री शक्तिपीठ ऋतंभरा प्रज्ञा आश्रम में तुलसी विवाह व हवन कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** डेरनी गायत्री शक्तिपीठ ऋतंभरा प्रज्ञा आश्रम में आज श्रद्धा-भक्ति के साथ तुलसी विवाह व हवन का कार्यक्रम विधिवत वैदिक कर्मकाण्ड के साथ संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर सर्वप्रथम गुरु वंदना, साधनादिपवित्रिकरण, मंगलाचरण, षट्कर्म के पश्चात् गुरु आवाहन, गायत्री आवाहन, सर्वदेव आवाहन, सर्वदेव नमस्कार, स्वस्तिवाचन, तुलसी-शालिग्राम पूजन किया गया। तुलसी विवाह को भागीरथ कुमार, आरती कुमारी, आशुतोष कुमार मिलकर संपन्न किये। इस अवसर पर सद्गुरु मुकेश ऋषि ने कहा-तुलसी विवाह पूजन विधिवत संपन्न करने से कन्यादान का पुण्य फल मिलता है। तुलसी माता की कृपा से पाप-प्रारब्ध नष्ट होते हैं। मन अंतःकरण में भक्ति-भाव का संचार होता है। पुत्र,धन-धान्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने आगे कहा-कलह, क्लेश,समस्या का निदान होता है। मन की समस्त मनोकामना की पूर्ति होती है। मोक्ष, मुक्ति का पथ प्रशस्त होता है। लौकिक पारलौकिक,आत्मिक सुख की वृद्धि होती है। वैदिक कर्मकांड सद्गुरु मुकेश ऋषि द्वारा संपन्न हुआ। तत् पश्चात वैदिक मंत्रों से हवन तथा तुलसी व शालिग्राम भगवान का विधिवत संपन्न हुआ।

## धर्म धारण करने वाले मोरध्वज के प्रताप से चिरांद बना धर्मनगरी

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** गंगा सरयू और सोन नद के संगम पर स्थित परम तीर्थ चिरांद में पान कार्तिक मास की एकादषी एवं द्वादषी की तिथि विषेष रही। एकादषी को देव आह्वान के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ और द्वादषी को देवों की आहूति व पूजन के साथ यज्ञ से वातावरण आध्यात्मिक हो गया। गंगा सरयू और सोन नद के पावन संगम पर स्थित परम तीर्थ चिरांद में कार्तिक कल्पवास के समारोप यज्ञ अनुष्ठान में भारत के परम संत श्रीश्री1008 मौनी बाबा ने इस यज्ञभूमि के महात्म पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पावन धर्म नगरी है क्योंकि इस भूमि पर स्वयं भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण ने अपनी लीला से धर्म के महत्व से संसार को अवगत कराया है। इस पुण्यभूमि पर पहुंचने के बाद श्रीराम ने महर्षि विष्वामित्र से यहां की ऋषि परंपरा के बारे में जिज्ञास किया। श्रीराम के प्रष्नों का उत्तर देते हुए महर्षि विष्वामित्र ने कहा था कि गंगा का यह पावन तट मानव को उसके कर्तव्य का बोध कराकर उसे धर्म धारण करने योग्य बनाता है। यह पावन गंगा जगजीवों को परमात्मा की भक्ति प्रदान कर उसमें धर्म को धारण करने का सामर्थ्य प्रदान करता है। अपने गुरु से इस तपोभूमि की महिमा सुनने के बाद रघुनाथजी ने इस संगम के पवित्र जल से आचमनी की और रात्रि काल में भूमि सयन की इससे समर प्रताप ग्रहण किया था। गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपने मानस में इस पवित्र तीर्थ का वर्णन करते हुए इसे पावन रामतीर्थ बताया है। कुछ लोग इस क्षेत्र को गौतमबुद्ध के षिष्य आनन्द से जोड़कर कुछ काल्पिनिक बातें प्रचारित करते हैं लेकिन उसका कोई प्रमाण नहीं है। यहां से खुदाई में जो वस्तु प्राप्त हुए हैं उससे प्रमाणित हुआ है कि यह स्थल एक यज्ञ भूमि था। यह स्थान रामायण में वर्णित राम की यात्रा का प्रमाण देता है। द्वापर में श्रीकृष्ण अपने षिष्य अर्जुन के साथ यहां आए थे और अर्जुन का भ्रम दूर किया था। यह भारत भूमि की दनवीरों की दिव्य परम्परा की भूमि रही है जहां दानवीर कर्ण से भी महान राजा मोरध्वज का निवास स्थान था। मोर ध्वज की कथा धर्म के दस लक्षणों के धारण करने का प्रमाण है। मोर ध्वज ने धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रीय निग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध धर्म के इन दस लक्षणों के प्रमाण पुरूष थे। इस प्रकार राजा मोरध्वज के कारण चिरांद एक धर्म भी है।गौरतलब है कि श्री श्री 1008मौनी बाबा शरद पुर्णिमा से चिरांद के अयोध्या मंदिर मे कल्पवास पर हैं।शरद पुर्णिमा से सीताराम नाम अखंड अष्टयाम प्रारंभ है,1नवमबर से महाविष्णुयज्ञ यज्ञ प्रारंभ हो गया है देश के कोने कोने से श्रद्धालू चिरांद पहुंच कर पुण्य का लाभ ले रहे हैं।

## शोक - जदयू युवा के प्रदेश सचिव के पिता का निधन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के तख्त टोला गांव निवासी जदयू युवा के प्रदेश सचिव मुकेश कुमार सिंह के पिता धीरेन्द्र सिंह का निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थें और ब्रेन हेमरेज की वजह से पटना निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया ,जहां उनकी मौत हो गई। निधन के बाद पार्थिव शरीर को गांव लाया गया और दाह संस्कार किया गया। निधन की खबर पर सभी बुद्धजीवियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, चन्द्रमा सिंह, मंटू सिंह, पुटूक सिंह, शिव कुमार यादव समेत अन्य मौजूद रहें।




## शराब के साथ एक महिला तस्कर गिरफ्तार

सिवान। आरपीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर ट्रेन से शराब बरामद कर एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि रविवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशानुसार टास्क टीम रेलवे सुरक्षा बल द्वारा गाड़ी संख्या 14006 आनंद बिहार-सीतामढ़ी एक्सप्रेस के प्लेटफार्म संख्या एक पर आगमन पर आपराधिक गतिविधि निगरानी की जा रही थी। इस दौरान एक महिला तस्कर को प्लास्टिक के झोला में रखें 64 बोतल शराब बरामद किया गया। जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु उत्पाद विभाग सदर को सुपुर्द किया गया। उक्त मामले की जांच सउनि वीरेंद्र कुमार द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी किरण देवी है।

## चुनाव को लेकर वाहनों की धर-पकड़ शुरू

**आंदर (सिवान)।** जिले में छह नवंबर को होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को आंदर व मैरवा में सीओ नीलम कुमारी, बीडीओ रवि कुमार व थानाध्यक्ष पप्पन कुमार समेत आदि कर्मियों द्वारा छोटी बड़ी चारपहिया वाहनों की धर पकड़ शुरू कर दी गई है। सीओ ने बताया कि छह नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित बूथों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन वाहनों के इंतजाम करने में जुट गई है। प्रर्याप्त वाहनों के इंतजाम के लिए वाहन मालिकों को वाहन जमा करने के लिए नोटिस भी जारी किया है, लेकिन वाहनों की कमी दूर नहीं हुई और आवश्यकता पूरी करने के लिए परिवहन विभाग की पूरी टीम वाहनों के धर-पकड़ के लिए सड़क पर उतर गई है। इस दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक अजितेश प्रकाश सिन्हा, संतोष कुमार, राजकुमार यादव समेत दर्जनों कर्मी उपस्थित थे।

## चारा कटर का पहिया के लिए भाई की पीट कर हत्या, तीन आरोपित

**सीवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के बेदौली में घर में बेकार पड़ा विचालीकल (चैफ कटर) का पहिया बेच देने की कीमत एक युवक को जीवन गंवा कर चुकानी पड़ी। चैफ कटर के पहिए को लेकर भाइयों के बीच मारपीट हो गया। इसमें घायल युवक की मौत शनिवार को इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान हो गई। मृतक मैरवा थाना क्षेत्र के बेदौली निवासी रामदेव चौहान का पुत्र अमिताभ बच्चन (35) है। बताते हैं कि अमिताभ बच्चन अपने परिवार का भाषण पोषण करने के लिए दिल्ली में मजदूरी करता था। कुछ दिन पूर्व छठ त्योहार मनाने के लिए वह गांव आया था। शनिवार को घर में रखे पुराने विचली कल का पहिया उसने बेच दिया। इसका उसके भाइयों ने विरोध किया। कहासुनी के बाद हुई मारपीट में अमिताभ बच्चन को गंभीर चोट आ गई। इसके बाद उसे स्थानीय एक निजी क्लिनिक में भर्ती किया गया। चिकित्सक के परामर्श पर उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन स्थिति गंभीर देखकर चिकित्सक ने उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही अमिताभ बच्चन की मौत हो गई। शव वापस घर लाया गया। इसके बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी और बच्चे दहाड़े मारकर रोने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उधर मृतक की पत्नी ने मृतक के दो भाई बुलेट चौहान, रोशन चौहान और अपनी एक ननद को आरोपित करते हुए थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दी है। वहीं स्थिति की गंभीरता समझ भाई फरार हो गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।बताया जा रहा है कि पिता के निधन के बाद से ही भाइयों के बीच पैतृक मकान और भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। इसको लेकर आंतरिक कलह था। पिता की मृत्यु के बाद अमिताभ बच्चन को पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी का उसके भाइयों द्वारा विरोध किया जा रहा था। विचाली कल का पहिया बेचने को लेकर विवाद की पीछे पैतृक भूमि में दावेदारी को ही एक बड़ा कारण माना जा रहा है। पुलिस घटना की तह में पहुंचने की कोशिश में है।

## एसडीओ ने बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष, सेक्टर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** शहर स्थित अनुमंडल कार्यालय सभागार में रविवार को एसडीओ अनीता सिन्हा ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष, सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक की तथा कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा करते हुए कहा कि छह नवंबर को चुनाव है। पांच नवंबर को अपने-अपने प्रखंडों में यह सुनिश्चित कर लें कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मी पहुंच गए हैं। मतदान केंद्रों पर सारी व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहनी चाहिए। मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की व्यवस्था हो। एसडीओ ने कहा कि जिस- जिस पदाधिकारी की जहां- जहां तैनाती है वहां पूरे मुस्तैदी के साथ रहें। एसडीओ ने सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिए कि वे अपने- अपने थाना क्षेत्र में सघन जांच करें। चार पहिया वाहन से लेकर दो पहिया वाहन तक की जांच निश्चित हो। बैठक में एसडीपीओ अमन, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## सीवान : कमीशनिंग के बाद इवीएम व वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में रखा गया सुरक्षित

**परवेज अख्तर। दैनिक खोज खबर/सीवान।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त सभी इवीएम एवं वीवीपैट की कमीशनिंग के उपरांत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सुरक्षा एवं भंडारण संबंधी प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए स्ट्रांग रूम में रखा गया। वहीं मतदान हेतु ईवीएम वितरण दिवस को अभ्यर्थियों की उपस्थिति में वीडियोग्राफी कराते हुए इसे खोला जाएगा एवं मशीनों को मतदान केंद्र के लिए रवाना कर दिया जाएगा। इससे पूर्व कमीशनिंग प्रक्रिया के दौरान सभी अभ्यर्थियों को स्वयं अथवा अपने नामित प्रतिनिधियों के माध्यम से उपस्थित होने एवं इसकी देख-रेख हेतु लिखित रूप से सूचित किया गया था। सभी मशीनों की कमीशनिंग समाप्त होने के बाद पांच प्रतिशत रैंडमली चुने गए बीयू, सीयू एवं वीवीपैट को कनेक्ट कर 1000 वोट डाला गया एवं उनके इलेक्ट्रानिक रिजल्ट एवं वीवीपैट की पर्चियों की गिनती करके इन्हें सत्यापित किया गया। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को प्रकाशित करने एवं इवीएम के द्वितीय रैंडमाईजेशन के उपरांत बीयू, सीयू एवं वीवीपैट को मतदान केंद्रवार कमीशन किया जाता है। इस प्रक्रिया में सुरक्षित मशीनें भी सम्मिलित होती है। यह प्रक्रिया निर्वाची पदाधिकारी के स्तर पर किया जाता है। इस प्रक्रिया में बीयू में बैलेट पेपर लगाया जाता है, सीयू मे कैंडिडेट सेटिंग किया जाता है एवं वीवीपैट में सिंबल लोड किया जाता है। साथ ही इन्हें आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में एड्रेस टैग एवं पिंक पेपर सील से सील किया जाता है।

# सीवान - वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सभी विधानसभाओं के लिए मतदाता एक्सप्रेस रथ को किया गया रवाना

**परवेज अख्तर।**

दैनिक खोज खबर/सीवान। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त जिले के सभी आठों विधानसभा क्षेत्र में आगामी छह नवंबर को होने वाले चुनाव में मतदान करने को लेकर मतदाताओं को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता एक्सप्रेस रथ को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तीनों मतदाता जागरूकता रथ जिले के आठों विधानसभा यथा 105 सिवान सदर विधानसभा, 106 जीरादेई विधानसभा, 107 दरौली विधानसभा, 108 रघुनाथपुर विधानसभा, 109 दारौंदा विधानसभा, 110 बड़हरिया विधानसभा, 111 गोरेयाकोठी विधानसभा व 112 महाराजगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भ्रमण कर जिले के समस्त मतदाता को छह नवंबर को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि खासकर महिलाओं व युवाओं को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस रथ को रवाना किया गया है। इसके अलावा पूर्व के निर्वाचन में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों के सभी योग्य महिला, पुरूष, दिव्यांग, मंगलामुखी, युवा मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। बताया कि निर्वाचन विभाग के द्वारा जागरुकता रथ के माध्यम से मतदाताओं के बीच मतदान करने हेतु डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाकर स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जाएगा। वहीं जिले की स्वीप आईकान अंतर्राष्टीय हैंडबाल खिलाड़ी खुशबू कुमारी द्वारा भी खासकर युवा मतदान के लिए छह नवंबर को जात-पात से ऊपर उठकर निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

## सीवान : पहले मतदान, फिर जलपान व मेरा वोट, मेरा अधिकार स्लोगन के साथ वोटरों को किया गया जागरूक

**परवेज अख्तर।**

दैनिक खोज खबर/सीवान। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के तहत छह नवंबर को जिले में होने वाले मतदान की तैयारियां जोरों पर है। निर्वाचन आयोग द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश की देखरेख में जिले के सभी पंचायतों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के क्रम में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को छह नवंबर के दिन सारा काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका, जीविका दीदियों द्वारा विविध रचनात्मक गतिविधियों यथा प्रभात फेरी, सामुदायिक शपथ, जागरूकता रैली, मेंहदी प्रतियोगिता, संध्या चौपाल, कैंडल मार्च, रंगोली निर्माण और समूहों की नियमित एवं विशेष बैठक के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ हीं मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से जिले के सभी पंचायतों एवं सभी गांवों में जीविका कैडर और जीविका कर्मियों के सहयोग से ग्राम संगठन से जुडी दीदियों द्वारा अपने-अपने गांव में रैली निकालकर पहले मतदान, फिर जलपान जैसे नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, छोड़ के घर के सारे काम, पहले जाकर करें मतदान, मेरा वोट मेरा अधिकार जैसे नारों से गांव की गलियों में लोकतंत्र के इस पर्व में सबकी सहभागिता देखी जा रही है।

## बिजली कंपनी का 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** तरवारा मोड़ स्थित बिजली कंपनी के प्रमंडलीय कार्यालय में शनिवार की देर शाम नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का 13वां स्थापना दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में अधिकारियों व कर्मचारियों की अद्भुत भागीदारी देखने को मिली। पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम में सभी अधिकारी व कर्मचारी विशेष जोश और ऊर्जा के साथ शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने अपने प्रेरणादायक संबोधन से सभी का उत्साह बढ़ाया। विद्युत कार्यपालक अभियंता रौशन कुमार व प्रभात सिंह के नेतृत्व में हो रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने जिले में बिजली कंपनी के कार्यों पर संतोष जताया। कहा की सभी सहायक विद्युत अभियंता, जेई, लाइनमैन व मानव बल अपनी जिम्मेवारी पूरी मुस्तादी के साथ निभाते हैं। इसी का नतीजा है कि छठ जैसे महा पर्व पर लोगों को निर्बाध बिजली मिल सकी। उन्होंने मंच से उतरकर उपस्थित कर्मचारियों व अधिकारियों से आत्मीयता के साथ बातचीत की। इससे पूरे माहौल में अपनापन व उत्सव की भावना और प्रगाढ़ हो गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। इसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टीम भावना और समन्वय का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया गया। आयोजन में उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए लाइनमैन सत्यप्रकाश को सर्वश्रेष्ठ इवेंट मैनेजर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यपालक अभियंता रौशन कुमार ने सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी सहयोग, उत्साह व कार्य के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और बल मिलता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि आगे भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए उत्पादकता व दक्षता में वृद्धि करें।

## सीवान : सामान्य प्रेक्षक ने गुठनी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**परवेज अख्तर।** दैनिक खोज खबर/सीवान। बिहार विधान सभा निर्वाचन 2025 के तहत 107 दरौली (सु) विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक ई सरवनवेलराज ने गुठनी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक केंद्र पर न्यूनतम सुविधाएं यथा रैंप, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, प्रतीक्षालय, सुरक्षा व्यवस्था आदि की उपलब्धता की विस्तृत जांच की। साथ हीं संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेटों, बूथ लेवल आफिसरों (बीएलओ) एवं अन्य पदाधिकारियों से मतदान केंद्रों की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए तथा अधिकतम मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जनसंपर्क व जागरूकता अभियान को और तेज किया जाए। प्रेक्षक ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए निर्भय, निष्पक्ष और शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है। इसके लिए मतदान कर्मियों को पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि मतदान दिवस पर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक इंतज़ाम पूर्व से सुनिश्चित कर लिए जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ मतदान केंद्रों पर की गई तैयारियों की सराहना भी की। साथ हीं जहां कमियां दिखी वहां सुधार के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के दिन कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहे। इसको लेकर सभी आवश्यक तैयारियां कर ली जाएं और विशेष रूप से महिला, दिव्यांग तथा वृद्ध मतदाताओं के लिए सुगम मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

## सीवान - निर्वाचन आयोग एवं प्रशासन की आंख व कान के साथ-साथ चुनाव की धुरी होते हैं सेक्टर पदाधिकारी

**परवेज अख्तर। दैनिक खोज खबर/सीवान।** जिला समाहरणालय सभा सभागार में बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 के निमित्त 105 सिवान सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की बैठक सामान्य प्रेक्षक सोनाली पोंक्षे वायंगणकर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान पदाधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति के साथ ही सीधे चुनाव आयोग के अधीन हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर पदाधिकारियों का कार्य निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका दायित्व सबसे पहले शुरु होकर अंत तक रहता है। कहा कि वे चुनाव की धुरी हैं तथा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग एवं प्रशासन की आंख और कान हैं। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि सबसे पहले उन्हें वलनरेबल क्षेत्र और क्रिटिकल बूथ की पहचान करनी है। इसके लिए उन्होंने विभिन्न मापदंड को विस्तार से बताया गया। कहा गया कि उनके पास आवंटित किए गए बूथों का नजरी नक्शा, रूटचार्ट और कम्युनिकेशन प्लान होना चाहिए। उपस्थित सेक्टर पदाधिकारी से प्रश्न पूछ कर उनकी तैयारी की भी समीक्षा सामान्य प्रेक्षक के द्वारा की गई।

## सीवान - चुनाव संबंधी अबतक की तैयारियों को लेकर सभी निर्वाची पदाधिकारियों की हुई बैठक

**परवेज अख्तर।** दैनिक खोज खबर/सीवान। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त अबतक की तैयारियों को लेकर सभी निर्वाची पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में 105 सिवान विधानसभा की सामान्य प्रेक्षक सोनाली पोंक्षे वायंगणकर, 106 जीरादेई विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक दिव्य प्रकाश गिरी, 107 दरौली (सु) के प्रेक्षक ई. सरवनवेलराज 108 रघुनाथपुर के प्रेक्षक शेखर विद्यार्थी, 109 दारौंदा की प्रेक्षक ब्रह्मनीत कौर, 110 बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक अमगोथु श्रीरंगा नाइक, 111 गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक बचनेश कुमार अग्रवाल तथा 112 महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक सी मुरूगन तथा पुलिस प्रेक्षक के त्यागराजन एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी उपस्थित थे।

## सीवान - निर्वाचन आयोग एवं प्रशासन की आंख व कान के साथ-साथ चुनाव की धुरी होते हैं सेक्टर पदाधिकारी

**परवेज अख्तर।** दैनिक खोज खबर/सीवान। जिला समाहरणालय सभा सभागार में बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 के निमित्त 105 सिवान सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की बैठक सामान्य प्रेक्षक सोनाली पोंक्षे वायंगणकर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान पदाधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति के साथ ही सीधे चुनाव आयोग के अधीन हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर पदाधिकारियों का कार्य निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका दायित्व सबसे पहले शुरु होकर अंत तक रहता है। कहा कि वे चुनाव की धुरी हैं तथा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग एवं प्रशासन की आंख और कान हैं। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि सबसे पहले उन्हें वलनरेबल क्षेत्र और क्रिटिकल बूथ की पहचान करनी है। इसके लिए उन्होंने विभिन्न मापदंड को विस्तार से बताया गया। कहा गया कि उनके पास आवंटित किए गए बूथों का नजरी नक्शा, रूटचार्ट और कम्युनिकेशन प्लान होना चाहिए। उपस्थित सेक्टर पदाधिकारी से प्रश्न पूछ कर उनकी तैयारी की भी समीक्षा सामान्य प्रेक्षक के द्वारा की गई।

## चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, चला वाहन जांच अभियान

**सिवान।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में सुनिश्चित कराने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय है। रविवार को जिला पुलिस ने केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कार, मालवाहक वाहन एवं बाइकों की तलाशी ली गई। इस संबंध में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी तरह के वाहनों यथा कार, बाइक, आटो और मालवाहक ट्रकों को रोककर तलाशी ली जा रही है। जांच का मुख्य उद्देश्य अवैध नकदी, शराब, हथियारों और मतदाताओं को प्रभावित करने वाली अन्य आपत्तिजनक सामग्री की आवाजाही पर रोक लगाना है। साथ ही वाहनों के कागजात की भी जांच की जा रही है। सभी मार्ग से गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों की जांच की जा रही है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## बाइक से गिरकर महिला घायल, रेफर

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छपिया गांव समीप रविवार की दोपहर बाइक से गिरकर एक महिला घायल हो गई। घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर देखकर डाक्टर ने पटना रेफर कर दिया। हालांकि स्वजन उनका शहर के किसी निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। घायल की पहचान चैनपुर निवासी रानी देवी के रूप में हुई है। घायल के पुत्र मदन साह ने बताया कि वह अपनी मां को बाइक पर लेकर जिला मुख्यालय में आ रहा था तभी अचानक वह बाइक से गिरकर घायल हो गई।

## सीवान : चुनाव को लेकर पांच नवंबर को किया गया यातायात व्यवस्था में बदलाव

**दैनिक खोज खबर/सीवान।** बिहार विधान सभा निर्वाचन के मद्देनजर पांच नवंबर को जिले में विशेष यातायात व्यवस्था की गई है। इस संबंध में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छह नवंबर को बिहार विधान सभा निर्वाचन के तहत जिलांतर्गत मतदान कार्यक्रम प्रस्तावित है। निर्वाचन कार्यों के सुचारू संचालन, वाहनों के सुगम आवागमन तथा शहर में यातायात नियंत्रण के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा निम्नलिखित यातायात व्यवस्था लागू की जा रही है। चुनाव कार्य से जुड़े वाहन, अग्निशमन वाहन, एम्बुलेंस, मरीजों के वाहन, शव वाहन, न्यायिक कार्य से संबंधित वाहन तथा पासधारक वाहनों को यातायात प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। बताया कि वाहनों के प्रस्थान मार्ग में जीरादेई विधान सभा के लिए सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) दरोगा राय कालेज से मैरवा रोड होते हुए प्रस्थान करेंगे। बड़हरिया विधान सभा के लिए सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) वीएमएच स्कूल से हकाम मोड़ होते हुए सिवान बाईपास होते हुए बड़हरिया रोड से प्रस्थान करेंगे। सदर विधान सभा के लिए सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) वीएमएच स्कूल से जेपी चौक होते हुए प्रस्थान करेंगे। दारौंदा विधान सभा के लिए सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) डीएवी स्कूल से स्टेशन रोड होते हुए हरदिया मोड़ होते हुए दारौंदा की ओर प्रस्थान करेंगे। रघुनाथपुर एवं दरौली विधान सभा के लिए सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) आंदर ढाला होते हुए एमएच नगर होते हुए सिसवन, चौनपुर, हुसैनगंज प्रस्थान करेंगे। बताया कि पांच नवंबर को सुबह 11 बजे से संध्या छह बजे तक सभी प्रकार के बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश निषेध रहेगा।

